RAJASTHAN TECHNICAL UNIVERSITY, KOTA
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,कोटा
Phone: +91-744-2473931 Email:-examconduct@rtu.ac.in

No.F(23)/Exam-conduct/2019-20/5.216/ 955 Dated: 03.07.2020

आवश्यक सूचना
(परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन के सम्बन्ध में)

वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा बी.टेक. एवं बी.एच.एम.सी.टी. VIII सेमेस्टर तथा एम.बी.ए. IV सेमेस्टर की 16 जुलाई 2020 से प्रस्तावित सैद्धान्तिक परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों को पूर्व आंवटित परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन करने का विकल्प दिया गया है।

परीक्षार्थी, **विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शहरों** में से किसी एक शहर का विकल्प चयनित कर अपने परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन करा सकता है। इसके लिए परीक्षार्थी विश्वविद्यालय के वेब पोर्टल www.rtuexam.net→ student panel → exam centre city change option form अथवा विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.rtu.ac.in पर परीक्षा केन्द्र परिवर्तन के लिंक पर जाकर दिनांक **03 जुलाई 2020 से 08 जुलाई 2020** के दौरान परीक्षा केन्द्र के शहर में परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकता है। अन्तिम तिथि **08 जुलाई 2020** रात्रि **12.00 बजे** के पश्चात् परीक्षा केन्द्र परिवर्तन का लिंक निष्क्रिय हो जाएगा।

अतः यदि आवश्यक हो तो, सम्बन्धित परीक्षार्थी उक्त अवधि में अपने परीक्षा केन्द्र में परिवर्तन के विकल्प को ऑन–लाईन लिंक पर जाकर नियत अवधि में आवेदन करना सुनिश्चित करें। इसके पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्र के शहर में परिवर्तन के आवेदन पर कोई विचार नही किया जायेगा।

(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक